D. No 720 Dt- 22-11-19

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
(कुलसचिव कार्यालय)

## कार्यवाही विवरण विद्या परिषद की 59वीं बैठक दिनांक 05 अक्टूबर 2019

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा की विद्या परिषद की 59वीं दिनांक 5 अक्टूबर 2019 को पूर्वाह्न 11.30 बजे गांधी भवन में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुएः–

01. प्रो0 आर0 एल0 गोदारा,कुलपति, वमखुविवि,कोटा। अध्यक्ष
02. प्रो0 पी0के0 शर्मा,वमखुविवि,कोटा। (समस्त आचार्य एवं विषय संयोजक प्रबंध)
03. प्रो0 अशोक शर्मा,वमखुविवि,कोटा। (समस्त आचार्य)
04. प्रो0 एच0बी0 नंदवाना, वमखुविवि,कोटा। (समस्त आचार्य एवं विषय संयोजक, पुस्तकालय)
05. प्रो0 दिनेश गुप्ता,वमखुविवि,कोटा। (समस्त आचार्य )
06. प्रो0 बी0 अरूण कुमार, वमखुविवि,कोटा। (समस्त आचार्य एवं विषय संयोजक, राज0विज्ञान एवं गांधीयन स्टडीज)
07. डॉ0 श्रीमती रश्मि बोहरा, निदेशक क्षे0के0,वमखुविवि,उदयपुर। (क्षे0के0 निदेशक)
08. डा0 सुबोध कुमार, सह आचार्य, वमखुविवि,कोटा।(सह आचार्य एवं विषय संयोजक, पत्रकारिता एवं विधि)
09. डा0 अनिल कुमार जैन, सह आचार्य, वमखुविवि,कोटा। (सह आचार्य एवं विषय संयोजक, शिक्षा)
10. डा0 अनुरोध गोधा, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा। (दो सह आचार्य एवं विषय संयोजक)
11. डॉ0 (श्रीमती) अनुराधा दुबे, सहा0 आचार्य,वमखुविवि,कोटा। ( विषय संयोजक बोटनी)
12. डॉ0 कपिल गौतम, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा। (विषय संयोजक संस्कृत)
13. डा0 आलोक चौहान, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा। (विषय संयोजक भूगोल)
14. श्री रवि गुप्ता, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा। (विषय संयोजक गणित)
15. श्री सुशील राजपुरोहित, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा। (विषय संयोजक फिजिक्स)
16. श्री नीरज अरोड़ा, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा।(विषय संयोजक कंप्युटर)
17. डा0 नित्यानंद शर्मा, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा।(विषय संयोजक योग एवं स्वास्थ्)
18. परीक्षा नियंत्रक, वमखुविवि,कोटा। (विशेष आमंत्रित)
19. श्री राकेश शर्मा, सहा0 आचार्य, कंप्युटर विज्ञान, वमखुविवि,कोटा (विशेष आमंत्रित)
20. श्रीमती कीर्ति सिंह, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा।(विशेष आमंत्रित)
21. डा0 अखिलेश, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा।(विशेष आमंत्रित)
22. डा0 पतंजलि मिश्र, सहा0 आचार्य, वमखुविवि,कोटा।(विशेष आमंत्रित)
23. एस0डी0 मीणा, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव विद्या परिषद

सर्वप्रथम कुलसचिव ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात् बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने अपना परिचय दिया । माननीय कुलपति महोदय ने भी उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश प्रदान किए। इसके उपरांत कार्यवाही विवरण पर बिंदुवार चर्चा करते हुए निम्नानुसार निर्णय लिए गएः–

59/01 विद्या परिषद की 58वीं बैठक दिनांक 04 जनवरी 2019 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

सदन द्वारा विद्या परिषद की 58वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

59/02 विद्या परिषद की 58वीं बैठक दिनांक 04 जनवरी 2019 के अनुपालना प्रतिवेदन की पुष्टि।

अनुपालना प्रतिवेदन का अवलोकन कर की गई कार्यवाही पर संतोष प्रकट करते हुए अनुपालना प्रतिवेदन की पुष्टि की गई।

59/03 विभिन्न कार्यक्रमों के अद्यतन एवं संशोधन सम्बन्धी प्रस्ताव।

निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में संशोधन सम्बन्धी प्रस्तावों पर चर्चा दौरान प्रो0 पी0के0 शर्मा का सुझाव था कि समय समय पर कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यक्रमों में संशोधित /अद्यतन किया जाना चाहिए, जिस पर सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव में उल्लेखित निम्नलिखित कार्यक्रमों को संशोधित /अद्यतन/पुर्नलेखन की स्वीकृति विद्या परिषद द्वारा प्रदान की गईः–

| | |
|---|---|
| 1. | एम0 कॉम कार्यक्रम में संशोधन का प्रस्ताव। |
| 2. | पुस्ताकालय एवं सूचना विज्ञान के बैचलर कार्यक्रम (बी.एल.आई.एस.) में संशोधन का प्रस्ताव । |
| 3. | मास्टर आफ कंप्युटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम को संशोधित करने हेतु सी.डी.सी. की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन का प्रस्ताव। |
| 4. | एम.ए.(एज्युकेशन) पूर्वाद्व एवं उत्तरार्द्ध एवं PGDGC कार्यक्रमों में ईकाईयों के अद्यतन/संशोधन/पुर्नलेखन कार्य करवाए जाने की अनुमति का प्रस्ताव। |
| 5. | एम.एस.सी. गणित (पूवार्द्व एवं उत्तरार्द्व) कार्यक्रम के पाठ्यक्रमों के अद्यतन,संशोधन एवं पुर्नलेखन की स्वीकृति का प्रस्ताव। |
| 6. | अर्थशास्त्र(स्नातक) पाठ्यक्रम संशोधन एवं पाठ्यक्रम विकास समिति (संशोधन) के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । |

| | |
|---|---|
| 7. | बी.एस.सी. भौतिक विषय के पाठ्यक्रम को अद्यतन/संशोधन/पुर्नलेखन कार्य करवाए जाने की अनुमति का प्रस्ताव। |
| 8. | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अर्न्तगत आने वाले राज0विज्ञान तथा गांधी एवं शान्ति सम्बन्धी कार्यक्रमों को को अद्यतन/संशोधन/पुर्नलेखन कार्य करवाए जाने की अनुमति का प्रस्ताव। |
| 9. | एम.एस.सी. (बॉटनी) पूवार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध में पाठ्यक्रम विकास समिति गठन सम्बन्धी आदेश एवं पाठ्यक्रम को अद्यतन/संशोधन/ पुर्नलेखन कार्य करवाए जाने की अनुमति का प्रस्ताव। |
| 10. | एम.ए./एम.एस.सी. ज्योग्राफी पाठ्यक्रम को अद्यतन/संशोधन/ पुर्नलेखन कार्य करवाए जाने की अनुमति का प्रस्ताव। |

चर्चा के दौरान प्रो0 दिनेश गुप्ता का सुझाव था कि कार्यक्रमों में संशोधन LOCF (learning outcomes-based Curriculum Framework) के दिशा निर्देशों के अनुरूप होने चाहिए, साथ ही सी0डी0सी0 में विषय विशेषज्ञों के साथ सम्बन्धित कार्यक्रमों के विद्यार्थियों/पूर्व विद्यार्थियों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए, सदन द्वारा विचारों को उपयुक्त मानते हुए स्वीकार किया गया।

59/04 बी.एस.सी.पी. कार्यक्रम में प्रवेश योग्यता में संशोधन का प्रस्ताव ।

विद्या परिषद द्वारा व्यापक चर्चा उपरांत बी.एस.सी.पी. कार्यक्रम में प्रवेश योग्यता में प्रस्तावानुसार संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गई ।

59/05 बी.एस.सी.पी कार्यक्रम की संरचना व शुल्क संरचना में संशोधन का प्रस्ताव।

प्रस्तावति संरचना व शुल्क संरचना में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

59/06 एम.फिल. आर्डिनेंस 2016 को विश्वविद्यालय में लागू किए जाने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

डा0 सुबोध कुमार द्वारा एम0फिल आर्डिनेंस के सम्बन्ध में सदन को व्यापक रूप से जानकारी प्रदान करते हुए प्रस्ताव में इसकी शुल्क संरचना का उल्लेख होने से रह जाने के तथ्य से अवगत करवाते हुए निम्नानुसार शुल्क संरचना का विवरण भी सदन के पटल पर प्रस्तुत किया:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पंजीकरण शुल्क | 500/–रू |
| 2. | पाठ्यक्रम शुल्क | 6000/–रू0 |
| 3. | लाईब्रेरी कोशन मनी | 1000/–रू0 |
| 4. | प्रयोगशाला शुल्क | 2000/–रू0 |
| 5. | डिर्जेटेशन सबमिट शुल्क | 2500/–रू0 |
| | कुल | 12000/–रू |
| | पुनः पंजीकरण शुल्क (एक वर्ष हेतु) | 5000/– |

प्रो0 दिनेश गुप्ता का सुझाव था कि शोध में गुणवत्ता लाने के लिए एम.फिल./पी.एच.डी. के शोधार्थियों को प्रतिमाह स्टाइफंड दिया जाना चाहिए इस हेतु राज्य सरकार को आवश्यक प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए, जिस का अन्य सदस्यों द्वारा भी समर्थन किया गया, तदुपरांत सदन द्वारा एम.फिल. आर्डिनेंस 2016 को विश्वविद्यालय में लागू करने एवं उपरोक्तानुसार शुल्क संरचना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

59/07 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा Promotion of Academic integrity and prevention of plagiarism in Higher educational institutions regulations 2018, को विश्वविद्यालय में लागू करने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी Promotion of Academic integrity and prevention of plagiarism in Higher educational institutions regulations 2018, को विश्वविद्यालय में लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई। माननीय कुलपति महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से समय–समय पर प्राप्त निर्देशों को लागू करने के सम्बन्ध में कार्यशालाऐं/बैठक आयोजित कर चर्चा की जानी चाहिए ।

59/08 शिक्षा विद्यापीठ के अन्तर्गत भारतीय पुनर्वास परिषद् की अनुमति से **Advance Certificate Course in Inclusive Education,Cross Disability** कार्यक्रम प्रारंभ करने की अग्रिम कार्यवाही की स्वीकृति का प्रस्ताव।

**Advance Certificate Course in Inclusive Education,Cross Disability** कार्यक्रम प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान डा0 आलोक चौहान ने कार्यक्रम के नामकरण के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई जिस पर डा0 अखिलेश द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम भारतीय पुर्नवास परिषद का होने के कारण इस कार्यक्रम का नाम उनके अनुरूप ही होगा, यह कार्यक्रम प्रमाण पत्र कार्यक्रमों की श्रेणी में ही माना जाएगा। इसके उपरांत सदन द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करने की सैद्वान्ति स्वीकृति प्रदान की गई।

59/09 शिक्षा विद्यापीठ के अन्तर्गत भारतीय पुनर्वास परिषद् की अनुमति से ऑन लाइन मोड में **"अक्षमता को समझना"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की अग्रिम कार्यवाही की स्वीकृति का प्रस्ताव।

कार्यक्रम को प्राप्त करने के सम्बन्ध में चर्चा के दौरान सदस्यगणों का विचार था कि पूर्व में भी इस प्रकार से कार्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत हुआ था,

तत्समय विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण कार्यक्रमों का संचालन संभव नहीं हो पाया था, जिस पर प्रो0 अशोक शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि इस सम्बन्ध में दूरस्थ शिक्षा परिषद, यू0जी0सी0 से पत्र व्यवहार हुआ था,किंतु कोई प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ, सदन द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करने की सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की गई ।

माननीय कुलपति महोदय ने यह भी निर्देश प्रदान किए कि डेब से इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर अन्य पाठ्यक्रम MOOC के माध्यम से संचालित किए जा सकते हो तो उन्हें भी तत्काल प्रारंभ करने की कार्यवाही की जाए ताकि विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग में सुधार हो सके।

59/10 शिक्षा विद्यापीठ के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुमति से ऑन लाइन मोड में **"बालक विकास को समझना"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की अग्रिम कार्यवाही की स्वीकृति का प्रस्ताव।

**"बालक विकास को समझना"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।

59/11 शिक्षा विद्यापीठ के अन्तर्गत ऑन लाइन मोड में **"आरंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की अग्रिम कार्यवाही की स्वीकृति का प्रस्ताव।

**"आरंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।

59/12 शिक्षा विद्यापीठ के अन्तर्गत ऑन लाइन मोड में **"Certificate course in Research Method in Behavioural Science"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की अग्रिम कार्यवाही की स्वीकृति का प्रस्ताव।

**"Certificate course in Research Method in Behavioural Science"** कार्यक्रम प्रारंभ करने की सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।

59/13 पंचायती राज विषय में प्रमाण पत्र कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रस्ताव।

कार्यक्रम को स्थगित किए जाने के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा इसका कारण जानना चाहा, जिस पर प्रो0 बी0 अरूण कुमार द्वारा सदन को जानकारी दी गई कि इस

कार्यक्रम में छात्रों की संख्या अत्यंत कम है एवं पाठ्यक्रम की उपलब्धता भी नहीं है। इस संबंध में कुलसचिव द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा नयी पंचायत समितियां बनाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है अतः भविष्य में इस पाठ्यक्रम की उपयोगिता बढ़ सकती है।माननीय कुलपति महोदय का सुझाव था कि खादी से सम्बन्धि जागरूकता बढाने के लिए खादी से सम्बन्धित पाठ्यक्रम भी इसमें सम्मिलित किया जाना चाहिए।

उक्त चर्चा उपरांत कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय किया गया।

59/14 प्रथम परीक्षा के पश्चात् छात्रों के मास्टर डाटा में संशोधन कर संशोधित अंकतालिका जारी करने हेतु शुल्क निर्धारण सम्बन्धी परीक्षा विभाग द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या 283 दिनांक 05 अप्रैल, 2019 की पुष्टि का प्रस्ताव।

परीक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश की पुष्टि की गई।

59/15 Centre for Internal Quality Assurance (CIQA) के तत्वाधान में आयोजित तीन बैठकों के कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ।

सीका के तत्वाधान में आयेजित बैठकों के कार्यवाही विवरण का अवलोकन किया गया, सदस्यगणों द्वारा सीका विभाग को और अधिक सुदृढ एवं सशक्त बनाया जाएगा ।

59/16 शिक्षकों के चयन हेतु गठित की जाने वाली समिति में विषय विशेषज्ञों के पैनल तैयार करने की प्रक्रिया के तहत विशेषज्ञों का पैनल अनुमोदन का प्रस्ताव।

The Rajasthan Universities Teachers and Officers (Selection for Appointment) act 1974 के अनुसार सी.ए.एस. के तहत पदौन्नति/ नियुक्ति हेतु चयन के लिए गठित की जाने वाली समिति में विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार किए जाने की प्रक्रिया के तहत तैयार किए जाने वाले निम्नलिखित विषयों के पैनल सदन के समक्ष प्रस्तुत किए गए :-

1. लोक प्रशासन
2. अर्थशास्त्र
3. भूगोल
4. कम्प्यूटर विज्ञान
5. संस्कृत

6. पत्रकारिता
7. अंग्रेजी (दो लिफाफे)
8. गणित
9. भौतिकी
10. वनस्पति शास्त्र
11. वाणिज्य
12. शिक्षा (दो लिफाफे)
13. प्रबंध

सदन द्वारा उक्त पैनलो का अनुमोदन करते हुए आगामी कार्यवाही के लिए कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

59/17 ज्योतिषि विद्या के प्रमाण पत्र कार्यक्रम के प्रायोगिक कार्य की व्यवस्था में परिवर्तन का प्रस्ताव।

ज्योतिषि विद्या के प्रमाण पत्र कार्यक्रम के प्रायोगिक कार्य की व्यवस्था में परिवर्तन के सम्बन्ध में सदस्यगणों द्वारा जानकारी के सम्बन्ध में डा0 कपिल गौतम ने परिर्वतन की आवश्यक आवश्यकता पर विस्तार से सदन को जानकारी दी जिसके उपरांत सदन द्वारा प्रायोगिक कार्य की प्रस्तावित व्यवस्था को लागू किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

59/18 पोस्टग्रेज्युएट डिप्लोमा इन वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट की प्रवेश योग्यता में परिवर्तन का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

पोस्टग्रेज्युएट डिप्लोमा इन वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट की प्रवेश योग्यता में परिवर्तन के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि स्नातक स्तर पर गणित विषय चयन करने वाले समस्त छात्रों को प्रवेश के योग्य माना जाए, इस सुझाव के अनुमोदन के साथ साथ सदन द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

59/19 प्रमोटी छात्रों के वेरिफिकिशेन/वेलीडेशन प्रक्रिया में संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्ताव निर्णयार्थ।

प्रस्ताव के सम्बन्ध में प्रो0 बी0 अरूण कुमार द्वारा सदन को जानकारी दी गई कि जिन विषयों में वैकल्पिक प्रश्न पत्रों/ पाठयक्रमों के चयन की सुविधा है उन्हें छोडकर अन्य कार्यक्रमों में प्रमोटी छात्रों के आटोमेटिक वेरिफिकिशेन/वेलीडेशन किया जाना है, जिसमे आवेदन में किसी विशेष जांच की आवश्यकता नहीं होती है एवं समय की बचत हो सके, इसलिए यह प्रस्ताव उपयोगी है।

सदन द्वारा उक्त जानकारी के बाद प्रमोटी छात्रों के ओटोमेटिक वेरिफिकिशेन/वेलीडेशन करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

28/11

59/20 मानवीकी एवं समाज विज्ञान विद्यापीठ के अन्तर्गत संस्कृत में 'वेदांत सार (अद्वैत वेदांत का प्रकरण ग्रन्थ)' नाम से नान क्रडिट आनलाइन MOOC के माध्यम से कोर्स आरम्भ किए जाने की सैद्धान्तिक सहमति का प्रस्ताव।

उक्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।

59/21 अकादमिक कलैण्डर का अनुमोदन।

सदन द्वारा संलग्न एकादमिक कलैण्डर का अनुमोदन किया गया।(परि0 संलग्न)

आसन की अनुमति के उपरांत विज्ञान एवं तकनीकी विद्यापीठ के निम्नलिखित आदेशों की जानकारी भी डा0 सुशील राजपुरोहित द्वारा सदन को प्रदान की गईः–

59/22 विज्ञान एवं तकनीकी विद्यापीठ द्वारा जारी आदेशों का अनुमोदन का प्रस्ताव।

विज्ञान एवं तकनीकी विद्यापीठ द्वारा माननीय कुलपति महोदय द्वारा की अनुमति से जारी निम्नलिखित आदेशों की भी पुष्टि की गईः–

| क्रम संख्या | आदेश संख्या एवं दिनांक | संदर्भ |
|---|---|---|
| 01 | 2404 03.10.19 | एम0एस0सी0 वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान,रसायन शास्त्र एवं भौतिक विज्ञान सम्बन्धी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने सम्बन्धी आदेश |
| 02 | 2403 03.10.19 | एम0एस0सी0 भूगोल पाठ्यक्रम प्रारंभ करने सम्बन्धी आदेश |
| 03 | 39 20.04.19 | बी0 एस0 सी0 कार्यक्रम के प्रायोगिक कार्य के पहलुओ को ध्यान में रखते हुए प्रवेश सत्र वर्ष में एक बार किए जाने बाबत् आदेश। |

छात्रों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए सदन में यह चर्चा हुई कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित जो कार्यक्रम जिस माध्यम में उपलब्ध है,उसी माध्यम का विकल्प प्रवेश के समय ऑनलाइन आवेदन में प्रर्दशित होना चाहिए, सदन द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई।माननीय कुलपति महोदय का यह भी सुझाव था कि समस्त कार्यक्रमों को द्विभाषी (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में तैयार करवाया जाना चाहिए, ताकि अंग्रेजी माध्यम के छात्र भी विश्वविद्यालय से जुड सकें।

उक्त निणर्यो के पश्चात्, कुलसचिव द्वारा समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरांत आसन की अनुमति से बैठक समाप्त घोषित की गई ।

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव
विद्या परिषद

**Proposed schdule of pratical contract programme July 2019-20**

| अकादमिक कालदर्शिका (Academic Calender) | | |
|---|---|---|
| **गतिविधियां** | **प्रवेश सत्र- जुलाई** | **प्रवेश सत्र- जनवरी** |
| प्रवेश प्रारम्भ की तिथि | 1 जुलाई से 31 अगस्त | 1 जनवरी से 28/29 फरवरी |
| क्षेत्रीय केंद्र एवं अध्ययन केंद्र परिवर्तन की अंतिम तिथि | प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों में | |
| पाठ्य सामग्री प्रेषण की अंतिम तिथि | 15 अक्टूबर | 15 अप्रैल |
| विद्यार्थियों का आमुखीकरण | अक्टूबर माह में | अप्रैल माह में |
| परामर्श /शिक्षण कक्षाएं * | 15 अक्टूबर से 30 अप्रैल | 15 अप्रैल से 31अक्टूबर |
| प्रायोगिक परीक्षाएँ * | 16 अप्रैल से 30 मई तक | 16 अक्टूबर से 20 दिसम्बर तक |
| आंतरिक गृह कार्य/ प्रोजेक्ट जमा करवाने की तिथि | 15 मई तक (जिन्हें जून परीक्षा में सम्मिलित होना हैं) | 15 नवम्बर तक (जिन्हें दिसंबर परीक्षा में सम्मिलित होना हैं) |
| सैद्धान्तिक परीक्षा का केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन (केवल ऑनलाइन)प्रस्तुत करने की तिथि | 1 अप्रैल से 30 अप्रैल (जून परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी) | 1अक्टूबर से 31 अक्टूबर (दिसम्बर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी) |
| प्रायोगिक परीक्षा का केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन (केवल ऑनलाइन)प्रस्तुत करने की तिथि * | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल (जून परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी) | 1अक्टूबर से 15 अक्टूबर (दिसम्बर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी) |
| वेबसाइट पर परीक्षा अनुमति पत्र जारी करने की तिथि | 25 मई | 15 दिसम्बर |
| परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि | 1 जून | 21 दिसम्बर |
| वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने की तिथि | परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् लगभग 60 कार्य दिवसों के भीतर | |
| अंकतालिका प्रेषित करने की तिथि | परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् लगभग 20 के भीतर | |
| पुनर्मूल्यांकन के आवेदन (केवल ऑनलाइन) की तिथि | परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् 15 दिन के भीतर | |
| उपाधि प्रेषण | प्रशासनिक निर्णय के अनुसार | |
| परीक्षा फार्म भरने की तिथि डिफाल्टर्स (केवल ऑनलाइन) एवं श्रेणी सुधार (केवल ऑफलाइन) | 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक | 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक |
| परीक्षा फार्म भरने की तिथि डिफाल्टर्स प्रायोगिक परीक्षा के लिये (केवल ऑनलाइन)* | 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक | 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक |

** सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन 10 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक (प्रवेश सत्र जुलाई हेतु), व 1 मई से 30 मई तक (प्रवेश सत्र जनवरी हेतु) किया जाता हैं। B.Sc. कार्यक्रम के प्रायोगिक संबंधी विशेष जानकारी, इस विवरणिका के B.Sc. कार्यक्रम के अन्तर्गत दी गई है उसे अवश्य देखें।* M.Sc. एवं M.Sc.

** ऐसे डिफाल्टर विद्यार्थी जो सत्रांक परीक्षा में प्रायोगिक के साथ सैद्धान्तिक /प्रोजेक्ट/लघुशोध परीक्षा में सम्मिलित होना एवं परीक्षा शहर में परिवर्तन भी चाहते हैं, ऐसे परीक्षार्थी सिर्फ एक बार ही ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म जून परीक्षा हेतु 1 अप्रैल से 15 अप्रैल एवं दिसम्बर परीक्षा हेतु 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक ही भर सकते हैं।*

All the details of the programmes were personal contracts programme are proposed is enclosed in Anexure – 14(B)